समाचार

# वार्ड क्र. 21 में बनेगी सी.सी.रोड एवं आर.सी.सी. नाली

## (महापौर ने किया निर्माण कार्य भूमिपूजन)




कोरबा 18 जनवरी 2021 –निगम द्वारा वार्ड क्र. 21 अंतर्गत सी.सी. रोड एवं आर.सी.सी. नाली का निर्माण कराया जाएगा। रविवार को महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने उक्त विकास कार्य का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर सभापति श्री श्यामसुंदर सोनी, एम.आई.सी.सदस्य संतोष राठौर, सुखसागर निर्मलकर, पालूराम साहू आदि विशिष्ट रूप से उपस्थित थे।

नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा वार्ड क्र. 21 बुधवारी खपराभट्ठा में शिव कुमार देवांगन घर से राजकुमार चौहान के घर तक 06 लाख 36 हजार रूपये की लागत से सी.सी. रोड एवं आर.सी.सी. नाली का निर्माण कार्य किया जाना हैं। वार्ड में आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने रविवार को उक्त विकास कार्य भूमिपूजन किया। उन्होने पूजा अर्चना कर शिलान्यास पट्टिका का अनावरण किया तथा कार्य को प्रारंभ कराया। इस अवसर पर महापौर श्री प्रसाद ने अपने उद्बोधन में कहा कि राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल के मार्गदर्शन में निगम क्षेत्र में विकास कार्यो को तेजी दी जा रही है, अभी हाल ही में राजस्व मंत्री श्री अग्रवाल के प्रयासों से अनेक बड़ी सौगातें प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल द्वारा कोरबा को दी गई हैं, जिन पर तेजी से कार्य किए जा रहे हैं। उन्होने कहा कि जहां तक वार्ड क्र. 21 बुधवारी खपराभट्ठा के विकास एवं समस्याओं के निराकरण का प्रश्न है तो यहां की सबसे बड़ी समस्या बरसाती पानी के भराव की समस्या थी, राजस्व मंत्री श्री अग्रवाल के प्रयास से इस समस्या का सम्पूर्ण निदान सुनिश्चित किया जा रहा है तथा पानी की सुगम निकासी हेतु कोरबा कम्प्यूटर कालेज से मुड़ापार तक नाला का निर्माण कार्य शुरू हो गया है, वार्ड की अन्य छोटी–बड़ी समस्याओं का त्वरित निराकरण भी सुनिश्चित होगा। उन्होने अपने उद्बोधन में आगे कहा कि विगत दो वर्ष के कार्यकाल में राज्य सरकार ने दर्जनों जनकल्याणकारी योजनाएं लागू की है, जिनका सीधा लाभ लोगों को मिल रहा है, लोगों की आर्थिक स्थिति सुधर रही है,

उनके घर द्वार तक अस्पताल खुद पहुंच रहा है, घर पहुंच कर उनका इलाज किया जा रहा है, लोगों के पक्के घर का सपना पूरा हो रहा है। इस अवसर पर महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने शासकीय पेंशन प्राप्त हितग्राहियों को कम्बलों का वितरण भी किया।

<u>विकास कार्यो में लाई जा रही तेजी</u>– इस अवसर पर सभापति श्री श्यामसुंदर सोनी ने अपने उद्बोधन में कहा कि राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल के मार्गदर्शन एवं महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद के दिशा निर्देशन में निगम क्षेत्र के वार्डो में कमशः कार्य प्रारंभ किए जा रहे हैं तथा विकास कार्यो में तेजी लाई जा रही है। उन्होने कहा कि कोरोना संकट के कारण निगम के विकास कार्य निश्चित रूप से प्रभावित हुए हैं, किन्तु अब कोरोना संकट दूर हो रहा है तथा विकास व निर्माण के कार्यो के साथ–साथ नागरिक सेवाओं व सुविधाओं की बेहतरी की दिशा में कार्यो को गति एवं दिशा दी जा रही है।

इस अवसर पर गौरी चौहान, अब्दुल हबीब, सुशीला देवी, पुष्पा सिंह, मनोज राठौर, सुरेश गुप्ता, सीताराम साहू, कीर्तन बाई, दिव्या राठौर, मोहित चन्द्रा, भागवत राठौर, वेदमति चौहान, राजकुमारी, आयशा बेगम, ललिता बंजारे, सकीना बेगम, माधुरी श्रीवास आदि के साथ अन्य वार्डवासी उपस्थित थे।

फोटो कमांक– 1, 2